# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, कन्नौज वन प्रभाग, कन्नौज।

पत्रांकः-888/14-1, कन्नौज,दिनांक,नवम्बर, 21, 2017

सेवा में,

अधिशाषी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि
कनौज।

विषयः— कन्नौज में तिर्वा—बेला मार्ग (एन0एच—234) किमी0 142 से 123 तक चार लेन चौडीकरण हेतु प्रभावित 9.5 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैरवानिकी प्रयोग एवं उस पर अवस्थित 2296 वृक्षों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध मे।

सन्दर्भः— भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय (मध्य) का पत्रांक— 8 बी0 यू0पी0/06/41/2017/एफ0सी0/588 दिनांक 14.11.2017
(ऑनलाइन प्रस्ताव संख्या— एफ0पी0/यू0पी0/रोड/21661/2016)

महोदय,

उपरोक्त विषय के कम में सन्दर्भित पत्र द्वारा जनपद कन्नौज में तिर्वा—बेला मार्ग (एन0एच—234) किमी0 142 से 123 तक चार लेन चौडीकरण हेतु प्रभावित 9.5 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैरवानिकी प्रयोग एवं उस पर अवस्थित 2296 वृक्षों के पातन की अनुमति के गैरवानिकी प्रयोग की सैद्धान्ति स्वीकृति प्रदान की गयी है। सन्दर्भित पत्र की प्रति संलग्न कर इस आशय के साथ प्रेषित कि निम्न विवरण के अनुसार धनराशि भारत सरकार के कैम्पा निधि में ऑन लाइन पोर्टल के माध्यम से जनरेट चालान से जमा करना सुनिश्चित करें।

| क0सं0 | विवरण | धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | शर्त संख्या— 1 के अनुसार प्रभावित वन भूमि के 2 गुने अवनत वन भूमि पर क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु धनराशि। | 47,09,000.00 |
| 2 | शर्त संख्या— 2 'क' के अनुसार शुद्ध वर्तमान मूल्य (एन0पी0वी0) की धनराशि। | 76,28,500.00 |
| | योगः— | 1,23,37,500.00 |

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र संख्या— 2 'ख', 'ग', 3 , 4 , 5 , 6 , 7 की वचन बद्धता के साथ अनुपालन आख्या प्रेषित करना सुनिश्चित करे।

भवदीय

प्रभागीय वनाधिकारी
कन्नौज वन प्रभाग,
कन्नौज।

पत्रांक / समदिनांकित

**प्रतिलिपिः**— मुख्य वन संरक्षक कानपुर मण्डल कानपुर की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी
कन्नौज वन प्रभाग,
कन्नौज।